हरिभूमि
रंगभूमि
होली की शुभकामनाएं
बिलासपुर, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

## होली के दौरान रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा

# विधि-विधान से की गई होलिका की पूजा-अर्चना, देर रात हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- हुडदंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

शुक्रवार को रंगों का त्यौहार होली धूमधाम से मनाया जाएगा। होली के त्यौहार को लेकर शहर सहित संभाग भर में भा री उत्साह का माहौल है और लोग फाग गीतों के साथ होलियाना माहौल में डूब गए है। इस बीच गुरुवार की देर रात शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद होलिका का दहन किया गया। होलिका दहन के बाद से ही होली खेलने का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान शांतिपूर्ण ढंग से होली और शुक्रवार की नमाज सम्पन्न कराने को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।


होलिका की पूजा करते लोग।

रंगों का त्यौहार होली को लेकर जिले के साथ ही संभागभर में लोगों द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही थी। इस दौरान बाजारों में अच्छी खासी रौनक देखने को मिली और लोगों ने जमकर रंग अबीर गुलाल के साथ ही अन्य सामग्रियों की खरीददारी की। होली के पूर्व गुरुवार को देर शाम होलिका का दहन किया गया। होलिका दहन पूर्व गुरुवार को शहर के पैलेस परिसर, राम मंदिर रोड, महामाया रोड, राम मंदिर रोड, विजय मार्ग, गोधानपुर, दर्रीपारा, चर्च रोड, सत्तीपारा, बसंत गली, सहित अन्य हिस्सों में समाज की महिलाओं ने गोबर के कंडों की माला, अनाज के दानों से होलिका की पूजा अर्चना कर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। दिनभर चली पूजा अर्चना के बाद देर शाम विधि विधान से होलिका का दहन किया गया और होलिका दहन के साथ ही सरगुजा का माहौल होलियाना हो गया था। लोगों ने फाग गीतों, डीजे की धुन पर नाचते हुए जमकर होली खेली जबकि शुक्रवार को लोग उत्साह के साथ होली खेलेंगे। इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। अस्पताल, दमकल विभाग, एम्बुलेस सेवा को अलर्ट पर रखा गया है। सरगुजा पुलिस द्वारा इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम के जरिये सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी चौक चौराहों पर नजर रखी जायेगी।

# नगर निगम में एमआईसी का पद पाने मची होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सूची तैयार लेकिन एक नाम के कारण अटका मामला

नगर निगम में नई सरकार के गठन उपरान्त अब महापौर परिषद के गठन को लेकर प्रक्रिया तेज हो गई है और अब जल्द ही मेयर इन काउंसिल के सदस्यों के नाम की घोषणा हो सकती है। परिषद में सिर्फ एक नाम को शामिल करने को लेकर ऊहापोह की स्थिति बन रही है और यही वजह है कि अब तक एमआईसी सदस्यों के नाम घोषित नहीं हो पाए है लेकिन होली के बाद इन नामों की घोषणा होने की संभावना जताई जा रही है।

बता दें कि नगर निगम में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने कामकाज संभाल लिया है और शहर में व्यवस्थाओं को नए सिरे से सुधारने का काम चल रहा है लेकिन अब तक महापौर परिषद का गठन नहीं हो पाया है। नगर निगम में महापौर परिषद का सदस्य बनने को लेकर पार्षदों में होड़ मची हुई है। एमआईसी सदस्य बनने के लिए पुराने और अनुभवी पार्षद तो प्राथमिकता में है ही लेकिन ऐसे पार्षद को पहली बार चुनकर नगर निगम पहुंचे है उन्होंने ने भी एमआईसी की दावेदारी की है।



हालांकि नियम अधिनियम के तहत प्रतिशत के आधार पर सिर्फ दस एमआईसी सदस्य ही बनाए जा सकते है। नगर निगम में भाजपा के 31 पार्षद जीतकर आए है। इनमें एक महिला और एक पुरुष पार्षद पहले ही अपील समिति में चयनित हो चुके है। इसके बाद भी एमआईसी में सिर्फ दस सदस्यों को ही शामिल किया जाना है और इस सूची में तीन महिला, 3 ओबीसी, एक एसटी के साथ ही शेष सामान्य वर्गों से पार्षदों को शामिल किया जाना है। बताया जा रहा है कि नगर निगम में महापौर परिषद में कुछ नए पार्षदों को भी मौका दिया गया है ।और होली से पहले परिषद की सूची जारी की जानी थी लेकिन बताया जा रहा है कि संगठन की बैठक में एक पार्षद ने एमआईसी का पद लेने से मना कर दिया है जिसके बाद फिलहाल इस सूची को रोक दिया गया है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार ससुर-दामाद की गई जान

**अम्बिकापुर।** होली की खुशियां उस से मातम में बदल गई जब ट्रक की चपेट में आने से ससुर-दामाद की मौके पर ही मौत हो गई। ससुर-दामाद कटहल लेकर मोहनपुर जा रहे थे तभी एनएच 130 तहसील कार्यालय के समीप ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हालांकि पुलिस ने ट्रक का पीछा किया लेकिन चालक वाहन लेकर भागने में सफल हो गया। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी महेश राम आ. अल्बी (27 वर्ष) गत दिन ससुराल ग्राम सोनतराई गया था। आज सुबह ससुर बबलू (55 वर्ष) के साथ बाइक से कटहल लेकर वापस घर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 130 उदयपुर तहसील कार्यालय के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार ससुर-दामाद की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना को देख लोगों पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने घटनाकारित ट्रक का पीछा किया लेकिन चालक वाहन लेकर भागने में सफल हो गया। एक साथ ससुर दामाद की मौत हो जाने पर दोनों परिवार सहित गांव में मातम पसर गया।






## खबर संक्षेप

### चन्द्रदीप कोरचो बने गोंगपा के संभागीय महासचिव

प्रतापपुर। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सरगुजा के संभागीय महासचिव चन्द्रदीप कोरचो को नियुक्त की गई है, कोरचो ने कहा कि पार्टी जो



जिम्मेदारी देंगी उसे पूरी निष्ठा से पालन करूंगा और गोंगपा पार्टी की विचारधारा को जन - जन तक पहुंचाएंगे। लोगों की जनहित समस्या को लेकर आंदोलन के माध्यम से शासन-प्रशासन को ध्यान आकर्षण किया जाएगा। बैठक दौरान संभागीय अध्यक्ष सुखराज पोया, संभागीय सचिव राजकुमार पोया, संभागीय महामंत्री गेरा राम कुजूर सहित अन्य उपस्थित थे।

### समय सीमा में आवास पूर्ण करने पर 10 हितग्राही को किया सम्मानित



**बतौली/सेदम।** बतौली के ग्राम पंचायत तेलाईधार में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास को समय सीमा में पूर्ण करने पर जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल द्वारा 10 हितग्राहियों को घड़ी, किचन सामग्री व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर उपस्थित ग्रामीणों को भी आवास समय सीमा में बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। आवास पखवाड़ा में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल द्वारा आवास हितग्राही कुंवर साय, शिव प्रकाश बखला, जुगुल तिग्गा, सुनील, रघुबीर, लिखीराम, राजनाथ, अमर साय, आकुल, जोहन द्वारा आवास निर्माण पर नए घर हेतु शुभकामनाएं दी। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को समय सीमा में प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने शपथ दिलाई गई। विकासखंड बतौली में सत्र 2025-26 में लगभग 1 हजार 710 आवास समय सीमा में बनना है जिसमें से 1 हजार 510 हितग्राहियों के खाते में 40-40 हजार पहला किस्त जारी कर दिया गया है जिससे हितग्राहियों में खुशी का माहौल है। इस दौरान स्वेच्छा सिंह, शशांक सिंह, लक्ष्मीनारायण सीदार, रविन्द्र प्रताप सिंह, संतोषी पैंकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### साई कॉलेज में धूमधाम से मना रंगोत्सव विद्यार्थियों ने उड़ाया गुलाल



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होलियाना अंदाज में गुरूवार को रंगोत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों के साथ प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने जमकर होली खेली। सभी के लिए थाल में अबीर, गुलाल कई रंगों में सजे थे। प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने एक दूसरे पर अतरंगा के साथ गुलाल लगाया और जमकर अबीर उड़ाया। इस दौरान गुलाल से परिसर में उपस्थित सभी का चेहरा रंग में बदलता नजर आया। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह त्यौहार आपके जीवन में खुशियों का रंग बरसाये। सौहार्दपूर्ण होली के दौरान डीजे की धुन पर सभी थिरकते नजर आये। होली, रसिया, अवधी, होरी पर सभी ताल से ताल मिलाते रहे। चेहरे पर रंगों की खुशी और पग में नर्तन की ताल उत्सव को और सराबोर किया। शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले और सचिव कुमार इंगोले ने भी होली आ आनंद लिया। इस दौरान सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बकाया राशि के भुगतान को लेकर डीईओ से मिला प्रतिनिधि मंडल




**अम्बिकापुर।** शासन के निर्देश पर बिना राशि उपलब्ध कराए पिछले 6 महीने से स्कूली बच्चों को चना उपलब्ध कराने वाले शिक्षकों को बकाया राशि के भुगतान की मांग की गई है। तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन संयोजक कमलेश सोनी ने जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की है। कमलेश सोनी ने बताया कि शासन द्वारा स्कूली बच्चों को नियमित देशी चना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था लेकिन इसके लिए राशि जारी नहीं की गई। निर्देश के परिपालन में शिक्षक स्वयं के व्यय से बच्चों को देशी चना उपलब्ध करा रहे हैं। चने की राशि का भुगतान नहीं मिलने से शिक्षक परेशान है। बुधवार को इस संबंध में संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। चर्चा उपरांत डीईओ अशोक सिन्हा ने शीघ्र चेक द्वारा राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान नवीन केशरी, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, रमेश राम शर्मा, राजेश रावत, डीएन सिंह, बैजनाथ पैकरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 15 सालों बाद होगी 5वीं, 8वीं बोर्ड की परीक्षा

# 44 अशासकीय स्कूलों ने नहीं दी बोर्ड परीक्षा में शामिल होने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

15 सालों के बाद आखिरकार एक बार फिर से पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं बोर्ड की तर्ज पर आयोजित की जाएंगी। दोनों ही कक्षाओं में पास करने की अनिवार्यता को अब समाप्त कर दिया गया है और फिर से बोर्ड की तर्ज पर परीक्षा होगी। 5वीं, 8वीं बोर्ड की परीक्षा को एकीकृत परीक्षा नाम दिया गया है। बड़ी बात यह है कि जिले में बड़ी संख्या में निजी स्कूलों ने भी बोर्ड परिक्षा में शामिल होने पर सहमती जताई है लेकिन कुछ स्कूल ऐसे है जिन्होंने इस बार बोर्ड में शामिल होने पर इनकार कर दिया है। गुरुवार को बोर्ड परीक्षा के लिए गोपनीय समाग्रियों का वितरण किया गया।

**खास बात**
- किया गया गोपनीय सामग्रियों का वितरण

बता दें कि इस बार 5वीं-8वीं की परीक्षाओं को बोर्ड की तर्ज पर आयोजित करने का निर्णय शासन ने लिया है जबकि विगत 14 वर्षों से शासन द्वारा अपनी नीतियों के तहत पांचवीं और आठवीं के बच्चों को परीक्षा में पास करना अनिवार्य कर दिया गया था। इस निर्णय के कारण बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में कमी देखी गई और यही वजह है कि इस बार से शासन ने पांचवीं और आठवीं बोर्ड की परीक्षाओं को बोर्ड की तरह पर ही लिए जाने का निर्णय लिया है। हालांकी प्रदेश के साथ ही



मल्टीपरपज स्कूल में गोपनीय सामग्री लेते शिक्षक।

सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां भी निजी स्कूलों ने शासन ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कोर्ट का रास्ता अपनाया और इस बार वे बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं होंगे और पुराने ढर्रे पर ही परीक्षा देंगे। सरगुजा में ऐसे 44 स्कूल है जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से मना किया है जबकि 203 निजी स्कूलों ने समझाईस के बाद अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके बाद सरगुजा में कक्षा 5वीं में 15 हजार 400 से अधिक व 8वीं में 14 हजार 393 छात्र छात्राएं शामिल होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के गुरुवार को गोपनीय सामग्रियों का वितरण कर दिया गया है और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 27 बसों में गोपनीय सामग्रियों को थानों तक भेजा गया है। 5वीं बोर्ड की परीक्षा 17 व 8वीं बोर्ड की परीक्षा 18 मार्च से शुरू हो रही है। परीक्षा को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है इसके साथ ही उडन दस्ता दलों का गठन भी किया जाएगा।

### कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री वितरित



**सूरजपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 5वीं एवं 8वी के विद्यार्थियों का केन्द्रीयकृत वार्षिक परीक्षा सीजी बोर्ड हिन्दी,अंग्रेजी माध्यम स्कूलों, इग्नाईट अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम स्कूलों एवं मदरसा बोर्ड स्कूलों में परीक्षा का आयोजन किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा के उपस्थिति में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका एवं अन्य गोपनीय सामग्रियों का वितरण विकास खण्डवार, पुलिस गार्ड की सुरक्षा में रूट चार्ट अनुसार जिला स्तरीय स्ट्रांग रूम शासकीय बालक उमावि से बस द्वारा स्थानीय, नजदीकी पुलिस थाना, चौकी में सुरक्षित रखने हेतु पहुंचाया गया है। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में करीब 15 वर्षों बाद पुनः बोर्ड परीक्षा का आयोजन शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं सहमति प्राप्त निजी विद्यालयों में कक्षा 5वीं की परीक्षा प्रारंभ 17 मार्च एवं कक्षा 8वीं की परीक्षा 18 मार्च से होने जा रही है जिसमें शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं के कुल परीक्षार्थी 11767 एवं अशासकीय विद्यालय के 3076 परीक्षार्थी एवं शासकीय विद्यालय में अध्ययरत कक्षा 8वीं के कुल 11647 एवं निजी विद्यालयों के कुल 2202 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर रविन्द्र सिंहदेव, लेफ सिंह, आशीष भट्टाचार्य, डीएस लकड़ा, निर्झर मंदिलवार, मनोज मण्डल, अजित गुप्ता, अनुजनारायण दुबे एवं समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य समेत अन्य सहयोगी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एनएच 43 चेन्द्रा स्थित ढाबा के समीप वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बटवाही निवासी शैलेन्द्र तिर्की आ. रामू तिर्की मंगलवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 5591 से शहर की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 43 चेन्द्रा ढाबा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को रघुनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट भाई समीप तिर्की ने रघुनाथपुर पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# डीजे बजाने से मना करने पर युवकों ने की दुकान संचालक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दुकान के सामने डीजे बजाने से मना करने पर युवकों ने दुकान संचालक की बेदम पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मलगंवा खुर्द निवासी पुरूषोतम यादव आ. रामअवतार यादव गत दिन अपने दुकान में था। तभी गांव के ही संतोष यादव, राजेश यादव व निककु यादव सहित अन्य दुकान के सामने डीजे बजा रहे थे। डीजे के तेज आवास से परेशान होकर दुकान संचालक ने बच्चों का परीक्षा चलने पर डीजे बंद करने कहा। जिस पर युवकों ने डीजे बंद करने से मना कर दुकान संचालक से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दी। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। दुकान संचालक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।




# होली से पहले दुकानों से लिए गए मिठाई, खोवा और दूध के सैम्पल



सैम्पल लेते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली त्यौहार के मद्देनजर शहर व जिले में मिलावटी मिठाइयों की बिक्री को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा विभिन्न दुकानों से खाद्य सामग्रियों के नमूने एकत्रित किए गए है। टीम द्वारा दुकानों से मिले नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है और यदि जब्त किए गए नमूने जांच में फेल होते है तो व्यवसायी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि त्यौहारी सीजन में दूध, खोवा व इनसे बनी मिठाइयों की मांग बढ़ जाती है और मांग बढने के साथ ही मिलावटी खाद्य सामग्रियों की खपत की संभानाएं भी बढ़ जाती है। यही वजह है कि कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले भर के मिठाई दुकानों की जांच शुरू कर दी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरआर देवांगन, प्रशांत कुमार तिवारी एवं प्रशासनिक टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान मेसर्स नवाज मिल्क पार्लर अंबिकापुर से गाय का दूध, मेसर्स मां खुडियारानी स्वीट्स से गुलाबजामुन, मेसर्स भंडारी होटल से बेसन लड्डू, मेसर्स श्री श्याम स्वीट्स रघुनाथपुर से रबड़ी, मेसर्स छाया स्वीट्स बतौली से चमचम, मेसर्स श्याम स्वीट्स से गोंद लड्डू, मेसर्स वेलकम होटल से खोया एवं मेसर्स महामाया स्वीट्स से पेड़ा का नमूना लिया गया है। इन सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मैरिन ड्राइव स्थित चिकन, मटन एवं मछली बाजार का भी गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान रामस्त चिकन, मटन एवं मछली विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की अनुसूची-4 के तहत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए ताकि आम जनता को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर मांस उत्पाद उपलब्ध हो सके।

- जांच के लिए भेजा गया राज्य खाद्य परीक्षण कार्यशाला



# केदमा सहित आसपास के आधा दर्जन गांव में हुआ उपसरपंच का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा

विकासखंड उदयपुर अंतर्गत ग्राम केदमा सहित केशमा, बडेगाव, भकुरमा, सितकालो, मरेया सायर में उपसरपंच के चुनाव संपन्न हुआ। केदमा से मूलचंद अग्रवाल को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया तथा बडेगाव से बालक राम मझवार को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। सायर से चंद्रबाशु यादव उपसरपंच निर्वाचित हुए, मरेया से संदीप यादव उपसरपंच निर्वाचित हुए भकुरमा से नैमल खेस उपसरपंच निर्वाचित हुए, सितकालो से संजय मझवार निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित हुए, बुले पंचायत से बैसाखू राम डुमर, केशमा से पार्वती यादव उपसरपंच निर्वाचित हुए। क्षेत्र के सभी उपसरपंचो को भाजपा नेता विनोद हर्ष, प्रबोध सिंह, अनिल सिंह, बृजेश चतुर्वेदी, संतोष माझवार, अजय भगत, बुद्धि राम ने बधाई दी। साथ ही कहा है कि सभी निर्वाचित उपसरपंच अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छे से एवं जिम्मेदारी से करेंगे।

TOP IN SURGUJA




































13 Ambikapur-pg 3-0_Layout 1 3/13/2025 6:39 PM Page 1




बिलासपुर, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

## खबर संक्षेप

### राशि रिफंड करने का झांसा देकर 50 हजार की ठगी

**अम्बिकापुर।** मोबाइल से पार्सल मंगला तथा रिफंड कराना उस समय महिला को महंगा पड़ गया जब राशि रिफंड का झांसा देकर 50 हजार की ठगी कर ली। पीड़िता ने ठगी करने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। सत्तीपारा वसुधरा फेस 4 निवासी अनुराधा चौधरी पति विकास कुमार ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ दिन पूर्व मोबाइल से शॉपिंग की थी। 10 मार्च को पार्सल आया लेकिन रिफंड नहीं आने पर कस्टमर केयर फोन की जिस पर कहा कि पैसा रिफंड किया जा रहा है। इसी बीच वीडियो कॉल कर बताया कि प्रोसेस में है और गलती से पैसा कट गया है। पैसा रिफंड करने पर प्रोसेस करने को कहा गया। महिला ने बताए अनुसार प्रोसेस करने लगी तभी खाते से 50 हजार रुपए कट गए। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मोबाइल से साड़ी मंगाई थी और पसंद नहीं आने पर वापस की जिसका रिफंड नहीं आया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 318(4) का अपराध दर्ज किया है।

### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम मिथिलापुर निवासी बसंत लाल आ. धनराज सिंह केदारपुर भट्ठी रोड निवासी शैलेंद्र सिन्हा के यहां किराए के मकान बच्चों के पढ़ाई के लिए किराए का घर लिया है। गत दिन बच्चों से मिलने परिचित का बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 2663 को लेकर मिलने आया था। बाइक को घर के सामने खड़ा कर सो गया। दूसरे दिन देखा तो बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### 24 घंटे तैनात रहेंगे चिकित्सक व स्टाफ

# होली को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सक व स्टाफ की लगाई गई विशेष ड्यूटी





आईशालेसन वार्ड के विशेष वार्ड में उपलब्ध सुविधाएं एवं लगाए गए बेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली त्यौहार के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन द्वारा गंभीर मरीजों के इलाज हेतु विशेष व्यवस्था की है। सड़क दुर्घटना व अत्यधिक शराब पीने सहित अन्य घटनाओं में गंभीर हुए मरीजों को तत्काल उपचार हो सके इसके लिए आपातकालीन कक्ष में चिकित्सक समेत विशेष स्टाफ की तैनाती की गई। आपातकालीन कक्ष में अलग-अलग शिफ्ट में चिकित्सक व स्टाफ 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

**खास बात**

- आपातकालीन परिस्थिति के लिए बनाए गए हैं अलग वार्ड

रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। होली पर्व होलिका दहन के साथ ही शुरू हो जाती है। ऐसे में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में युवक शराब पीकर वाहन चलाते है जिससे कई लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते है। जिले के अलग-अलग क्षेत्र से बड़ी संख्या में दुर्घटना से घायल हुए लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जाता है। एक साथ कई मरीजों के पहुंच जाने पर चिकित्सकों सहित स्टाफ की परेशानी काफी बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति अमूमन होलिका दहन की रात से ही निर्मित होती है जो होली त्यौहार के अलावा दूसरे दिन भी इस इस तरह की स्थित होता है7 होलिका दहन के दिन अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं होती है जबकि होली के दिन दोपहर बाद से अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हुए लोग अस्पताल पहुंचते है। मरीजों को किसी प्रकार की परेशान न हो इसके मद्देनजर अस्पताल प्रबंधन द्वारा होली से एक दिन पूर्व ही चिकित्सक व स्टाफ की ड्यूटी आपातकालीन केन्द्र में लगा दी है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर आपातकालीन कक्ष में स्टाफ की तैनाती की गई है जो अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

### बनाए गए हैं अलग वार्ड

होली त्यौहार के मद्देनजर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अत्यधिक शराब पीने तथा सड़क दुर्घटना में गंभीर मरीजों के लिए अलग वार्ड की व्यवस्था की गई है। सामान्य मरीजों का उपचार आपातकालीन कक्ष में किया जाएगा जबकि गंभीर मरीजों को अलग बनाए गए आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर उपचार की जाएगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली है तथा वार्ड में चिकित्सक व स्टाफ की व्यवस्था की गई है।

### वाहन व एंबुलेंस की गई व्यवस्था

आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक व स्टाफ की विशेष व्यवस्था की गई है। स्टाफ को आने जाने के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अलग से वाहन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मरीजों को लाने तथा घर पहुंचाने के लिए एक एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। दोनो वाहन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तैनात रहेंगे।

### लगाई गई है ड्यूटी

अस्पताल में चिकित्सक की कमी नहीं है। होली के मद्देनजर पूर्व की भांति चिकित्सक व स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को लेकर अलग से आईसोलेशन वार्ड को आरक्षित किया गया है। जहां गंभीर मरीजों को भर्ती कर उपचार की जाएगी। चिकित्सक स्टाफ अलग-अलग शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे इसके लिए लिस्ट तैयार कर ली गई है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक



# होली पर रहेगी पुलिस की नजर शहर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने, होलिका दहन के स्थलों का पहले से निरीक्षण, पुलिस फोर्स की तैनाती, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी व त्यौहारों पर प्रभावी पुलिस पेट्रोलिंग कराने को लेकर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली।

- एसएसपी ने होलिका दहन स्थलों का पहले से निरीक्षण कर सुरक्षा पुख्ता करने दिए निर्देश

बैठक के दौरान एसएसपी ने थाना-चौकी प्रभारियों से कहा कि होलिका दहन स्थलों का पहले से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि जिन जगहों पर होलिका दहन होनी है उसके ऊपर बिजली का हाईटेंशन तार तो नहीं है अथवा रोड़ किनारे होलिका दहन तो नहीं की जा रही है यदि ऐसा है तो उन स्थानों को परिवर्तित कराए। यातायात नियमों का पालन नहीं करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने व ओव्हर स्पीडिंग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, होलिका दहन के समय तथा होली पर्व पर प्रत्येक गांव में पुलिस की पेट्रोलिंग को लगातार गश्त करने, असामाजिक तत्वों पर सख्ती से एक्शन लेने एवं क्षेत्र में आसूचना संकलन मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों को लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी निगाह रखी जाए। होली मनाने के बाद लोग नदी-तालाबों में नहाने के लिए जाते है जिसे ध्यान में रखते हुए गोताखोरों की तैनाती करवाई जाए, अग्निशमन दल से समन्वय रखने एवं व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी रितेश चौधरी, एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर व जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### पुलिस रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसएसपी ने 500 से अधिक पुलिस अधिकारी व जवानों की ड्यूटी लगाई है। यह फोर्स होलिका दहन तथा होली के दिन मुस्तैदी से क्षेत्र में ड्यूटी करेगी, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी और कार्रवाई करेगी। पर्व को लेकर पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी पर्याप्त संख्या में तैनात की गई है जो क्षेत्र में लगातार गश्त कर अपनी मौजूदगी बनाए रखेगी।



**खबर संक्षेप**

## होली पर दोपहर में भी होगी पानी की आपूर्ति

अम्बिकापुर। होली के अवसर पर नगर निगम निर्धारित समय के साथ ही दोपहर में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति करेगा। ननि आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा नियमित सुबह एवं शाम पेयजल की आपूर्ति करता है। होली के अवसर पर लोगों की सुविधा के लिए दोपहर 1 बजे भी पानी की आपूर्ति की जाएगी।

## जामा मस्जिद और तकिया मजार में 2 बजे पढ़ी जाएगी जुमा की नमाज

**अंबिकापुर**। शुक्रवार को शहर के सदर रोड स्थित जामा मस्जिद और तकिया मजार में जुमे की नमाज के समय में परिवर्तन किया गया है। जुमे की नमाज इन दो स्थानों पर 2 बजे अदा की जाएगी। अंजुमन कमेटी ने यह निर्णय होली त्यौहार के मद्देनजर लिया है। बता दें कि 14 मार्च को होली का त्यौहार मनाया जाएगा। होली के दिन शुक्रवार है और मुस्लिम समाज द्वारा जुमे की नमाज अता की जाएगी। ऐसे में आपसी सद्भाव को ध्यान में रखते हुए नमाज के समय में परिवर्तन किया गया है। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि 14 मार्च को जुमे का मुबारक दिन है और उसी दिन हमारे हिन्दू भाइयों की होली भी है। होली के मद्देनजर छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड ने सभी मस्जिदों की कमेटीयों से गुज़ारिश की है के जुमे की नमाज़ का वक्त दोपहर 2 बजे किया जाए। इस लिए अंजुमन इस्लाहुल मुस्लमीन वक्फ अम्बिकापुर ने ये तय किया है कि 14 मार्च को जुमे की नमाज़ जामा मस्जिद सदर रोड और औलिया मस्जिद मज़ार शरीफ़ तकिया में 2 बजे अदा की जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से जुमे की नमाज का विशेष ख्याल रखने का आह्वान किया है।

## जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 19 को

**बैकुण्ठपुर**। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो समाज में लंबे समय से व्याप्त है। बाल विवाह से जहां बालिकाओं एवं बालकों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता, वहीं बाल अधिकारों का हनन भी होता है। विगत वर्षों में राज्य में बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रभावी प्रयास किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप बाल विवाह के प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई हैं। इस अभियान को पूर्णतः सफल बनाने तथा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य की क्रियान्वयन रणनीति तैयार की गई है। रणनीति के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 19 मार्च को समय 11 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। उक्त आयोजित कार्यशाला में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## शिक्षक 11 वर्षों से अनुपस्थित दिया गया अंतिम समय

**अम्बिकापुर**। विकासखंड सीतापुर के कन्या माध्यमिक शाला भूसू के शिक्षक राबर्ट लकड़ा के खिलाफ लगातार 11 वर्षों से अनाधिकृत अनुपस्थिति के मामले में विभागीय जांच पूरी कर ली गई है। जिला पंचायत सरगुजा द्वारा जारी अंतिम सूचना में उन्हें तीन दिनों के भीतर संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा एकतरफा सेवा से बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

### गोबर के कंडों की दहन हुई होलिका

# रंगों का त्यौहार होली आज, बाजार में जमकर हुई खरीदारी

**बैकुण्ठपुर**। वर्षो बाद आज 14 मार्च को होली व रमजान माह का पर्व शुक्रवार एक साथ पड़ रहा है, जिसे लेकर प्रशासन हाई अलर्ट है। होली के पूर्व बुधवार एवं गुरूवार को भी शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल कर शांति पूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाने का संदेश दिया, साथ ही यह भी संदेश दिया कि हुड़दंगियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होली के पर्व को लेकर इधर बाजार में गुरूवार को दिनभर चहल-पहल रही। सुबह से ही रंग अबीर पिचकारी खरीदी करने के लिए विभिन्न दुकानों में लोगों की भीड़ दिनभर जुटी रही। कई दिनों से सजे रंगों के बाजार में होली के एक दिन पूर्व लोगों ने जमकर खरीदी की। बच्चों के लिए पिचकारी की सबसे अधिक मांग रही। सभी रंगों के दुकानों में पिचकारी, रंग गुलाल आदि खरीदी करने लोग जुटे रहे। होली पर्व को लेकर बाजार में होली खेलने के लिए टी शर्ट भी खूब बिके, वहीं रंगों के बाजार में भी जमकर खरीदारी की गई। 14 मार्च को पूरे जिले में उमंग उल्लास के साथ होली का पर्व मनाया जाएगा।

विदित हो कि प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी भवानी तिगड़ा बाईसागर पारा में होली की भव्य तैयारी की गई। परंपरागत तरीके से लकड़ी के साथ-साथ इस बार 1,001 गोबर के कंडों से होली बनकर तैयार हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां हर साल विशेष रीति-रिवाजों के साथ होली जलाने की परंपरा निभाई जाती है। धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस बार भी काफी संख्या में गोबर के कंडों का उपयोग किया गया है। भवानी तिगड़ा बाईसागर पारा में होली जलाने की यह परंपरा वर्षों पुरानी है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। काफी संख्या में ग्रामीणजन एकत्र होकर होलिका दहन की रस्म पूरी करते हैं और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हैं। समाज के वरिष्ठजनों का मानना है कि गोबर के कंडों के उपयोग से न केवल धार्मिक परंपरा को बल मिलता है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल भी रहता है। आयोजकों ने बताया कि होली जलाने से पहले विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी और पूरे क्षेत्र में होली का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।



तैयार होलिका।

## शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण मनाए होली

**बैकुण्ठपुर**। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने होली पर्व को शांति और सौहार्द पूर्वक मनाने जिलेवासियों से अपील की है। विगत दिनों कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की थी। बैठक में पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने बताया कि शहर में 15 पेट्रोलिंग पार्टियां सक्रिय रहेंगी तथा 10 चिन्हांकित स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। शराब पीकर वाहन चलाने और मास्क पहनकर हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं मुखौटे की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर अभिभावकों को नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में मुस्लिम प्रतिनिधियों ने भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए बताया कि वे होली के दिन शुक्रवार (जुम्मा) की नमाज का समय बदलकर दोपहर 2 बजे करेंगे, ताकि सभी समुदाय आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मना सकें। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि कुछ युवक बिना साइलेंसर या मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बाइक से तेज रफ्तार में घुमते हैं, जिससे आमजन को परेशानी होती है। प्रशासन ने इस पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। केमिकल युक्त रंगों और आपत्तिजनक सामग्री (गोबर, जला मोबिल, पेंट) के इस्तेमाल पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मुखौटे और हानिकारक रंगों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। यातायात प्रभावित न हो इस पर नगर पालिक अधिकारी को विशेष ध्यान के निर्देश दिए हैं। झुमका बांध और गेज बांध पर सुरक्षा के लिए गोताखोर तैनात रहेंगे।




## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व



यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में होली का पर्व पूरे हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर में रंगों की बरसात और खुशियों की बौछार देखने को मिली। छोटे-बड़े सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी पूरे जोश और उल्लास के साथ इस रंग-बिरंगे त्योहार को मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत होलिका दहन से हुई, जहां बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर अग्नि में बुराइयों को जलाने और अच्छाई की राह पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद पारंपरिक होली गीतों और नृत्य का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रंगों की मस्ती में बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाया और आपसी प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी को प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करने और जल संरक्षण का महत्व समझाने पर जोर दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और खुशियों का त्योहार है। हमें इसे स्वच्छ और सुरक्षित तरीके से मनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयां बांटी गइइं, और सभी ने होली के गीतों पर झूमते हुए इस यादगार पल को संजोया। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में आयोजित यह रंगारंग कार्यक्रम बच्चों और शिक्षकों के लिए आनंद और उल्लास से भरा रहा।

## मनाया गया रंगों का त्योहार होली



मनेन्द्रगढ़। विद्यालय के वार्षिक परीक्षा के अंतिम दिन प्री-प्राइमरी कक्षाओं सहित कक्षा 10 वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने धूमधाम से रंगो, प्रेम एवं सद्भावना का त्योहार होली मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्री-प्राइमरी के नौनिहालों ने होली एवं उससे जुड़ी प्राचीन प्रथाओं के बारे में जाना एवं उससे संबंधित कार्टून सिनेमा का आनंद लिया। तत्पश्चात कक्षा केजी 1 की शिक्षिका श्रीमती रश्मि सोनी ने सभी विद्यार्थियों को होली, होलिका दहन एवं भक्त प्रह्लाद की कहानी सुनाते हुए कहा कि इससे हमें सीख मिलती है कि हम अपने अंदर की बुराइयों को जलाकर जीवनभर सदाचारी बने जिस प्रकार हम एक-दूसरे पर रंग व गुलाल डालकर इस प्यार से मनाते हैं, उसी प्रकार अपने माता-पिता की सहायता, ज्ञान तथा अभ्यास से हम ज्ञान की सच्ची होली खेल सकते हैं, इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय प्रांगण में हर्बल रंगों एवं संगीत के साथ नाचते-गाते हुए इस कार्यक्रम का आनंद लिया। इस शुभ अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने बच्चों के नाम संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि होली वह त्योहार है जो प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और खुशी फैलाता है और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

## नन्हें मुन्हें बच्चों ने खेली होली



बैकुण्ठपुर। होली के एक दिन पूर्व कटगोड़ी स्थित सांई बाबा स्कूल में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाए। दोपहर में उक्त विद्यालय के सभी बच्चे परिसर में शालिनता के साथ अपने सहपाठियों को रंग गुलाल लगाकर होली के पूर्व होली पर्व मनाया।

## न्यू लाईफ नर्सिंग में धूमधाम से मनाया गया होली उत्सव

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं, प्राचार्य और समस्त शिक्षकों के साथ धूमधाम से होली पर्व मनाया गया। रंगों और गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी और और रंगों के महत्व पर चर्चा की गई, साथ ही संस्था के छात्र-छात्राओं ने गानों, रंगो एवं मिठाईयों के साथ होली का आनंद लिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षिकाओं ने आपसी भाईचारे, शांतिपूर्ण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का सहयोग सराहनीय रहा।



# नि:शक्त नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

घर पर अकेली मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी युवक को विभिन्न धाराओं के तहत 20 वर्ष के सश्रम की सजा सुनाई है। इसके साथ ही नाबालिग को क्षतिपूर्ति योजना के थ 5 लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने का आदेश दिया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत रहने वाली 17 वर्ष 10 माह की नाबालिग मानसिक रूप से कमजोर है और 12 मार्च 2023 को नाबालिग के माता-पिता गांव में मजदूरी करने गए हुए थे जबकि उसके दो छोटे बच्चे खेलने गए हुए थे। जब शाम को 5 बजे नाबालिग के माता-पिता मजदूरी करके वापस लौटे हो बच्ची ने परिजन को बताया कि दोपहर में 2 बजे वह गांव में घूम रही थी। इस दौरान आरोपी नकुल पैकरा उससे बात करते हुए अपने घर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद परिजन द्वारा मामले की शिकायत बतौली थाना में की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने भादवि की धारा 376 (2) (ढ) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-03 (क)/4, 5 (ट)/6 के अपराध दर्ज कर आरोपी बतौली मानपुर कुकुरढोढी निवासी 44 वर्षीय नकुल राम आ. संत राम कंवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 12 मार्च को इस प्रकरण की अंतिम सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान आरोपी की पुष्टि हुई।

# खड़गवां विकासखंड में तेजी से बढ़ेगी विकास की रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

- 10 सड़क व पुलिया निर्माण कार्यों को मिली मंजूरी

छगराज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्रकोष्ठ विकास भवन भू-तल सेक्टर 19 अटल नगर नवा रायपुर के आदेशानुसार इस जिला अंतर्गत कुल 10 निर्माण कार्यों (सीसी सड़क/आसीसी पुलिया) के लिए कुल 100.00 लाख रू. (एक करोड़ रुपए मात्र) की प्रशासकी स्वीकृति सीसी सड़क/आरसीसी पुलिया कार्य के लिए आवंटन प्राप्त हुआ है।

उक्त सभी निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त प्राक्कलन मय तकनीकी प्रतिवेदन के आधार पर निर्माण एजेंसी नियुक्त करते हुए प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य प्रारंभ करने के लिए नियमानुसार प्रथम किस्त 40 प्रतिशत प्रदाय किया जाता है। विधानसभा क्षेत्र मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत खड़गवां ग्राम पंचायत ठग्गांव सीसी सड़क निर्माण कार्य खैरीपारा से वेंकट नगर तक, ग्राम पंचायत रतनुपुर सीसी निर्माण कार्य झरनापारा में लक्ष्मण घर से शिवधारी घर तक, ग्राम पंचायत रतनपुर सीसी निर्माण कार्य गोरसीडांड पारा में प्रीतपाल घर से पुल तक, ग्राम पंचायत कोड़ा सीसी निर्माण कार्य बेचन घर से गोरे लाल घर तक, ग्राम पंचायत पैनारी सीसी निर्माण कार्य मेन रोड से भगत घर से बांसपानी, ग्राम पंचायत लकरापारा आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य खालपारा जगमोहन घर से बांधपार पहुंच मार्ग, ग्राम पंचायत बोड़ेमुड़ा सीसी निर्माण कार्य विनय घर से शंकर मंदिर तक, ग्राम पंचायत जड़हरी सीसी निर्माण कार्य बहडोला में हृदयन घर से बेन सिंह घर तक तथा ग्राम पंचायत अखराडांड सीसी निर्माण कार्य गिरजा जायसवाल घर से राजेश जायसवाल घर तक कार्य स्वीकृत किया गया है।

इन सभी ग्राम पंचायतों को प्रशासकीय स्वीकृति राशि 10 लाख में प्रथम किस्त 4 रूपए प्रदाय किया गया है। इस कार्य के लिए संबंधित ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी नियुक्त किया गया है। उक्त प्राप्त राशि 100.00 में 40 प्रतिशत प्रथम किस्त निर्माण एजेंसियों के नियंत्रक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खड़गवां, जिला-एमसीबी को पुनरावंटित करने पश्चात शेष राशि 60 लाख (साठ लाख रूपए मात्र) की अग्रिम आहरण करने की स्वीकृति प्रदान किया जाता है।

# अवैध शराब व गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहनों की होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिले में अवैध शराब, गांजा और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए कोरिया पुलिस द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में जब्त किए गए वाहनों को राजसात कर नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वर्तमान में पांच आपराधिक प्रकरणों में इस कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। पुलिस के अनुसार जिले के विभिन्न थानों में अवैध गतिविधियों में प्रयुक्त वाहनों को विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत राजसात किया गया है। इनमें थाना चरचा के अपराध क्रमांक 265/20 में जब्त इनोवा कार (सीजी 04 एचए 5242), थाना बैकुंठपुर के अपराध क्रमांक 01/2019 में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त सफेद रंग की टाटा नैनो कार (बिना नंबर) तथा सैमसंग कंपनी का मोबाइल हैंडसेट शामिल हैं। इसके अलावा थाना बैकुंठपुर के अपराध क्रमांक 309/2022 और 166/22 में जब्त हीरो होंडा मोटरसाइकिल (सीजी 16 डी 3179) और हीरो एक्सट्रेस मोटरसाइकिल (बिना नंबर) भी नीलामी की प्रक्रिया में शामिल हैं। थाना पटना के अपराध क्रमांक 27/2024 में जब्त बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल (सीजी 16सी 6657) को भी नीलामी के लिए सूचीबद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे ने कहा कि जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार के अपराधों को बढ़ावा देने वाले संसाधनों को राजसात कर नीलाम करने से अपराधियों को कड़ा संदेश जाएगा कि जिले में अवैध गतिविधियां स्वीकार्य नहीं होंगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि यदि उनके संज्ञान में किसी भी प्रकार की अवैध तस्करी, नशीले पदार्थों का कारोबार या इस कार्य में प्रयुक्त वाहन आते हैं।

# एनजीओ में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से वसूले डेढ़ लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दो आरोपी गिरफ्तार, अब तक 70 लाख से अधिक के ठगी की बात आई सामने

एनजीओ में नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से ठगी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपियों द्वारा जिलेभर में 20 से 25 लोगों को अपना शिकार बनाए जाने की बात सामने आई है जिसमें आरोपियों ने लगभग 70 लाख रूपए की ठगी की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और जांच में ठगी की रकम बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुरपुर निवासी बजरू टोप्पो ने मणिपुर पुलिस पास 18 जनवरी को शिकायत की थी कि उसकी पहचान जनवरी 2024 में डिगंबर राम भगत उर्फ अम्बर एवं बसील खलखों से हुई थी। आरोपियों में डिगंबर भगत प्रेमनगर में पंचायत सचिव के पद पर कार्य करता है और इसी बात का फायदा उठाकर उन्होंने लोगों को सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट प्रोग्राम एनजीओ में ब्लॉक प्रभारी बनवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने लोगों से ठगी के इस कारोबार को बाबूपारा हरिमंगलम के समीप एक कार्यलय का भी संचालन किया। आरोपियों ने बजुरु टोप्पो को ब्लॉक प्रभारी बनवाने के नाम पर डेढ़ रुपए की मांग की और बताया कि ब्लॉक प्रभारी बनने के बाद उन्हें 70 हजार से एक लाख रूपए तक की कमाई हो सकती है। आरोपियों के झांसे में आकर बजरू टोप्पो ने डेढ़ लाख रूपए दे दिए लेकिन जब नौकरी नहीं मिली तो प्रार्थी ने अपने रूपए वापस मांगे। इस दौरान जब आरोपियों के कार्यालय पहुंचा तो पता चला कि इस तरह से उन्होंने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाकर उगाही की है। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच उपरांत भण्डारपारा मानिक प्रकाश पुर निवासी 40 वर्षीय डिगंबर भगत आ. रामअवतार भगत व महुआपारा चर्च के समीप रहने वाले 35 वर्षीय बसील खलखो आ. स्टेफन खलखों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने एनजीओ में नौकरी लगवाने के नाम पर आरोपियों द्वारा लोगों से डेढ़-डेढ़ लाख रूपए लिए गए। फर्जी एनजीओ के नाम पर आरोपियों ने लगभग 25 लोगों से 70 लाख रुपए से अधिक की ठगी की जबकि आने वाले समय में ठगी की करम बढ़ सकती है। मामले में पुलिस ने आरोपियों डिगंबर भगत व बसील खलखो को भादवि की धारा 420,34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर अखिलेश सिंह, सउनि शौकीलाल राज, धीरज गुप्ता, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, मदन गोपाल परिहार, आरक्षक उमाशंकर साहू, अनिल सिंह एवं साइबर सेल से आरक्षक जितेश साहू, रमेश राजवाड़े सक्रिय रहे।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# खोई पहचान और 5 स्टार रेटिंग हासिल करने नगर निगम ने शुरू की तैयारियां

**अम्बिकापुर**। स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर शहर में तैयारियां शुरू कर दी गई है। पिछली बार स्टार रेटिंग में आई गिरावट के बाद निगम प्रशासन कमियों को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यही वजह है कि इस बार डोर टू डोर कचरा प्रबंधन के साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर की सडकों के मरम्मत, एसएलआरएम सेंटरों, सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत कार्य के साथ ही थ्रीडी वाल पेंटिंग सहित अन्य कार्य कराए जा रहे है ताकि निगम की खोई हुई पहचान और 5 स्टार रेटिंग को फिर से हासिल किया जा सके। बता दें कि देश में स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरुआत होने के बाद से ही नगर निगम ने लगातार देश में अपनी बादशाहत कायम रखी है और प्रत्येक वर्ष नए नए इनोवेशन और अपने कार्यों के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई लेकिन पिछली बार वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वेक्षण परिणाम में नगर निगम को भारी नुकसान उठान पड़ा। स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान सर्टिफिकेशन की श्रेणी में स्टार रेटिंग और वाटर प्लस के अंतर्गत रोड मार्किंग,

चौक चौराहों, फुटपाथ, उद्यान, नगर सौन्दर्यीकरण, तालाब जैसे घटक शामिल थे लेकिन विगत वर्ष सड़कों की हालत बेहद जर्जर थी इसके साथ ही अन्य सौन्दर्यीकरण के कार्य भी नहीं हो पाए थे और यही वजह है कि नगर निगम को स्टार रेटिंग में नुकसान हुआ। रैंकिंग में लगबघ 800 अंकों का नुकसान हुआ और मुख्य सर्वेक्षण में भी इसका असर पड़ा जिससे नगर निगम नेशनल रैंकिंग में भी चौथे स्थान से खिसककर 27वें नम्बर पर पहुंच गया था। यही वजह है कि इस बार एसएलआरएम सेंटरों के साथ ही सौन्दर्यीकरण पर विशेष फोकस किया जा रहा है और नगर निगम द्वारा नए सिरे से कमियों को दूर करने के प्रयास किए जा रहे है।


13-Mar- KORIYA-AMB Bhoomi pg-5_Layout 1 3/13/2025 6:27 PM Page 1



# धूमधाम से होली खेलते हैं ये मुस्लिम सितारे

## एक का तो जन्म के साथ ही जुड़ गया रंगों से नाता

*नई दिल्ली। पर्व-त्योहार जिंदगी में रोमांच लाते हैं। एक ढर्रे पर चली आ रही जिंदगी में त्योहारों की आमद थोड़ा ठहराव देती है तो अपनों से मिलने-मिलाने का बहाना भी। ....और कहा जाए कि त्योहार मजहब की दीवार को भी तोड़ने का काम करते हैं तो शायद गलत नहीं होगा! बॉलीवुड के तमाम सितारे इसकी मिसाल पेश करते हैं। होली का त्योहार पास है। इंडस्ट्री के कई सितारे होली की तैयारी में जुट गए हैं। इनमें वह सितारे भी हैं, जिनका धर्म बेशक अलग है, लेकिन होली के रंग में वह पूरी तरह रंग जाते हैं।*



### शाहरुख खान

शाहरुख खान उन एक्टर्स में शुमार हैं, जो अलग धर्म से होने के बाद भी हिंदू त्योहार खूब धूमधाम से मनाते हैं। उनके घर पर दिवाली की रौनक देखने लायक होती है। इसके अलावा किंग खान होली पर भी भव्य पार्टी का आयोजन करते हैं।

### सलमान खान



जब सेलिब्रेशन का मौका हो तो सलमान खान मजबह की दीवार को बीच में नहीं आने देते हैं। गणेश चतुर्थी हो या दिवाली, सलमान हर हिंदू त्योहार को पूरी शिद्दत से मनाते हैं। वह रंगो का पर्व भी पूरे उल्लास के साथ सेलिब्रेट करते हैं। सिर्फ सलमान ही नहीं, बल्कि पूरा खान परिवार यह त्योहार मनाता है। एक इंटरव्यू के दौरान सलमान ने कहा था, 'मैं हर साल इस त्योहार का मजा उठाता हूं और पूरे दिल से होली खेलता हूं। इस दिन हमारा परिवार और करीबी दोस्त इकट्ठे होते हैं। ज्यादातर हम फार्म हाउस पर होली मनाते हैं।'



### आमिर खान

बॉलीवुड के मि. परफेक्शनिस्ट भी खूब धूमधाम से होली मनाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि आमिर का होली से खास कनेक्शन है। दरअसल, एक्टर का जन्म ही होली के मौके पर हुआ। बता दें कि आमिर खान का जन्म 14 मार्च, 1965 को हुआ था, उस साल इस दिन होली का पर्व था। जन्म के साथ ही आमिर का रंग से नाता जुड़ गया था। एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने जिक्र किया था, 'जिस दिन मेरा जन्म हुआ था तो दाई मां ने सबसे पहले मेरे गालों पर रंग लगाया था।' यही वजह है कि आमिर इस त्योहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। उनका पूरा परिवार होली खेलता है। आमिर अपने इस जन्मदिन पर 60 वर्ष के हो रहे हैं और सेलिब्रेशन भी बड़ा होने वाला है।

### जावेद अख्तर-शबाना आजमी

जावेद अख्तर और शबाना आजमी की होली पार्टी मशहूर है। बता दें कि शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी ने होली पार्टी की शुरुआत की थी, तब से जावेद अख्तर और शबाना भी इस रवायत को निभाते आ रहे हैं। इस होली पार्टी में जोया अख्तर, फरहान अख्तर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ करीबी दोस्त और स्टार्स भी शामिल होते हैं। सभी ढोल-नगाड़ों पर जमकर थिरकते हैं।



# इन बॉलीवुड सेलेब्स के घर धूमधाम से होती थी होली पार्टी, अचानक हो गई बंद, जानें क्यों पड़ा रंग में भंग

**नई दिल्ली।** वैसे तो होली हर कोई मनाता है, लेकिन हिंदू धर्म में इसको लेकर कई मान्यताएं हैं। होली के दौरान लोग पार्टी रखते हैं, लेकिन जो पार्टी बॉलीवुड के कुछ सेलेब्स मनाते थे वो दौर आज तक नहीं लौटा। बॉलीवुड के उन सेलेब्स की होली पार्टी काफी मशहूर थी, लेकिन अब किसी ना किसी वजह से वो पार्टी अब नहीं होती है। राज कपूर से लेकर अमिताभ बच्चन और सुभाष घई की होली पार्टी की धूम मुंबई में देखने को मिलती थी, फिर ऐसा क्या हुआ कि उनकी होली पार्टी को रोक दिया गया. इसके पीछे सभी की अपनी-अपनी वजहें हैं।

### बॉलीवुड की फेमस होली पार्टी अब नहीं होती

बॉलीवुड में होली का मतलब फुल ऑन मौज-मस्ती और धूमधाम होता है। सालों से इंडस्ट्री में होली पार्टी होती आ रही है, लेकिन जो एक दौर में हुआ करती थी वो माहौल अब नहीं बना।

### आर के स्टूडियो

कपूर खानदान बॉलीवुड की फेमस फैमिली में एक है। 'द शो मैन' राज कपूर जितनी बेहतरीन फिल्में बनाते थे उनका मिजाज भी उतना ही बेहतरीन था. बताया जाता है कि राज कपूर काफी खुले दिल के इंसान थे और वो हर पल में खुशी ढूंढ लिया करते थे। कम उम्र में उन्होंने अपना आरके स्टूडियो बनाया और वहां हर साल धूमधाम से होली पार्टी होती थी। होली की



महफिल में बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचते थे और इसमें तड़का राज कपूर ही लगाते थे। साल 1988 में राज कपूर का निधन हुआ और उसके बाद से ये होली पार्टी बंद कर दी गई।

### बच्चन फैमिली

90 के दशक के दौर तक अमिताभ बच्चन ने भी अपने घर में होली पार्टी रखनी शुरू की। इस सेलिब्रेशन में लगभग सभी सेलिब्रिटीज को बुलाया जाता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब अमिताभ बच्चन ने ये प्रचलन शुरू किया तो शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बाद में उनकी एक के बाद एक फिल्में फ्लॉप होने लगीं। ऐसा बताया जाता है जब बिग बी ने किसी ज्योतिष को दिखाया तो उन्होंने होली पार्टी बंद करने की सलाह दी और बिग बी ने उसे माना।

### सुभाष घई की पार्टी

बॉलीवुड के फेमस फिल्म मेकर सुभाष घई भी अपने घर पर होली पार्टी रखते थे। इसमें शाहरख खान इस तरह शरीक होते थे मानो ये उनकी ही होली पार्टी हो। यहां वो अपनी पत्नी गौरी खान के साथ खूब मस्ती करते थे। इनके अलावा बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स इस पार्टी में शामिल होते थे। यूट्यूब पर आज भी कुछ वीडियो आपको सुभाष घई की होली पार्टी के मिल जाएंगे। हालांकि, समय के साथ ये पार्टी बंद हो गई।

### अख्तर फैमिली

फेमस एक्ट्रेस शबाना आजमी और राइटर जावेद अख्तर पति-पत्नी हैं और वो अपने घर में होली पार्टी रखते थे। होली पार्टी का रिवाज उनके घर में लगभग 40 साल पुराना है जिसे शबाना आजमी अपने पिता कैफी आजमी के साथ थ्रो करती थीं। कोरोना के बाद ये दौर बंद हो गया और अब उस स्तर की होली पार्टी अख्तर फैमिली में नहीं होती है।

## रणबीर कपूर ने बताया कैसी होती थी दादा राज कपूर की होली

*नई दिल्ली। राज कपूर फिल्ममेकर और एक्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि लेजेंड्री पार्टी होस्ट के तौर पर भी जाने जाते हैं। कई साल तक कपूर फैमिली बड़ी ग्रैंड पार्टी आरके स्टूजियोज में होस्ट करते थे, जिसमें बॉलीवुड के नामी सेलेब्स शिरकत करते हुए नजर आते थे। हालांकि, सुपरस्टार के पोते रणबीर कपूर को होली की ऑइकॉनिक पार्टीज डरा देती थीं।*



*रणबीर कपूर ने कहा, मैं बहुत यंग था तो ये मेरे लिए बेहद डरावना माहौल था। सभी काले और दूसरे कलर्स में रंगे हुए थे। सबको ऐसे ट्रक में फेंका जा रहा है। मुझे लगता है कि आपकी यादें बेहतर होंगी... आप सही कह रहे थे, सब काले नीले- पीले होते थे। यह एक दिन का उत्सव हुआ करता था। बचपन में इन पार्टियों के प्रति कभी-कभार नापसंदगी के बावजूद, रणबीर ने स्वीकार किया कि कैसे ये समारोह एकता के दुर्लभ पल थे। एनिमल एक्टर ने कहा, 'मैंने सुना है कि सिर्फ एक्टर और एक्ट्रेसेस ही नहीं, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री का हर व्यक्ति इसमें शामिल था।*

# दीपिका की 'दुआ' से लेकर यामी के 'वेदाविद' तक ये बच्चे खेलेंगे मम्मी-पापा संग पहली होली

*नई दिल्ली। होली अधिकतर लोगों का पसंदीदा त्यौहार है। अभी इस फेस्टिवल में दो दिन बाकी हैं, लेकिन उससे पहले ही हर जगह इसे लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रंगों से भरे इस त्यौहार को बॉलीवुड सितारे भी बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। करीना कपूर से लेकर सोहा अली खान तक कई सितारे अपने बच्चों की कलर लेकर एक-दूसरे के साथ मस्ती करते हुए तस्वीरें शेयर करती हैं। 14 मार्च की ये होली कुछ टीवी और बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लिए तो बेहद ही खास होने वाली है, क्योंकि मां बनने के बाद पहली बार वह अपने बच्चों के साथ इस फेस्टिवल को सेलिब्रेट करेंगी।*

### दीपिका पादुकोण की 'दुआ'

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने बीते साल 8 सितंबर को अपनी बेटी का स्वागत किया था। ऐसे में दीवाली तो उन्होंने बेटी के साथ मना ली, लेकिन ये कपल अपनी बेटी के साथ पहली होली सेलिब्रेट करता हुआ दिखाई देगा। दीपिका पादुकोण की बेटी दुआ की एक झलक देखने के लिए फैंस भी बेकरार हैं।

### यामी गौतम का बेटा 'वेदाविद'

दीपिका पादुकोण के अलावा यामी गौतम और उरी के निर्देशक आदित्य धर भी अपने बेटे वेदाविद के साथ पहली होली मनाने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। 4 जून 2021 में अपने होमटाउन हिमाचल में यामी गौतम ने आदित्य धर से शादी की थी और तीन साल बाद 10 मई 2024 को इस कपल ने अपने बेटे का स्वागत किया।

### प्रिंस नरूला की बेटी 'इकलिन'

बॉलीवुड के अलावा टीवी की दुनिया में भी कई सितारों के घर बच्चों की किलकारियां गूंजी। इनमें से एक रोडीज के जज प्रिंस नरूला और युविका चौधरी हैं, जिन्होंने इस साल 2 जनवरी को अपनी बेटी का स्वागत किया। उनकी बेटी का नाम इकलिन है। यह कपल भी अपनी बेटी के साथ पहली होली सेलिब्रेट करेगा।



### श्रद्धा आर्या के ट्विन्स

रुबीना दिलैक की तरह ही कुंडली भाग्य की 'प्रीता' उर्फ श्रद्धा आर्या के घर में ट्विन्स हुए। उन्होंने 29 नवंबर 2024 को बेबी गर्ल और बेबी ब्वॉय को जन्म दिया था, जिनके साथ वह और उनके पति राहुल नागल धूमधाम से पहली होली मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### वरुण धवन की बेटी 'लारा'

2021 में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ गुपचुप शादी रचाने वाले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' एक्टर वरुण धवन की बेटी 'लारा' की भी ये माता-पिता संग पहली होली है। उनकी बेटी का जन्म जून 2024 में हुआ था।

### ऋचा चड्ढा की बेटी जुनेरा इदा फजल

यामी गौतम के कुछ दिनों बाद ही फरवरी में ऋचा चड्ढा ने भी अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। 'फुकरे' स्टार ऋचा और अली फजल ने 4 अक्टूबर 2022 को धूमधाम से शादी की थी। शादी के तीन साल बाद उनकी जिंदगी में एक प्यारी परी जैसी बेटी आई। ऋचा की बेटी का जन्म 16 जुलाई 2024 को हुआ। ये कपल भी अपनी बेटी के साथ पहली होली खेलने की तैयारी कर रहा है।

## टीवी मसाला

# ईशा सिंह ने ठुकराया रोहित शेट्टी के शो का ऑफर!

**नई दिल्ली।** सलमान खान का रिएलिटी शो 'बिग बॉस' खत्म होने के बाद कलर्स चैनल पर रोहित शेट्टी का स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' ऑनएयर होता है। इस बार 15वां सीजन आएगा और इसमें कौन-कौन से कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे, इसकी चर्चा जोरशोर से हो रही है। खबर थी कि 'बिग बॉस 18' में नजर आ चुकीं ईशा सिंह अब टीवी पर खतरों से खेलती नजर आएंगी, लेकिन उनके फैंस के लिए एक बुरी खबर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्र ने खुलासा किया है कि ईशा सिंह को खतरों के खिलाड़ी 15 के मेकर्स की तरफ से ऑफर आया था। सूत्र ने कहा, 'हां, ये सच है कि ईशा को शो के लिए संपर्क किया गया है और मेकर्स वास्तव में उन्हें अपने शो के साथ जोड़ने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन, वो इस साल ये शो नहीं करने जा रही हैं और उन्होंने ऑफर को ठुकरा दिया है।' इससे पहले रिपोर्ट में बताया गया था कि मोहसिन खान भी इस खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा नहीं होंगे। एक्टर से इस बारे में 'बात नहीं की जा रही है।' यानी ईशा की तरह ही मोहसिन भी इस साल इस शो का हिस्सा नहीं होंगे। इस सीजन के लिए एल्विश यादव, चुम दरांग, अविनाश मिश्रा, गौतम गुलाटी, मल्लिका शेरावत और अन्य कुछ जाने-माने सेलेब्स से संपर्क किया गया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग मई के आसपास शुरू होगी। इसका प्रीमियर जून या जुलाई महीने में टीवी पर होगा।



## अब्दु ने लिया 'लाफ्टर शेफ्स 2' से ब्रेक अब एल्विश का पार्टनर बनेगा करण

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 2' से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है। शो के कंटेस्टेंट अब्दु शो से ब्रेक ले रहे हैं। जी हां, रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब्दु अपने परिवार के साथ रमजान मनाना चाहते हैं, इसलिए वह 'लाफ्टर शेफ्स 2' से छोटा-सा ब्रेक ले रहे हैं। अब्दु की जगह करण कुंद्रा, एल्विश का साथ देंगे। याद दिला दें, पहले सीजन में करण कुंद्रा, अर्जुन बिजलानी के पार्टनर बने थे। उन्होंने इस शो से काफी कुछ सीखा था। यानि आने वाले एपिसोड्स में अंकिता लोखंडे, कृष्णा अभिषेक, रुबीना दिलैक, विकी जैन, एल्विश यादव, राहुल वैद्य, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल, मन्नारा चोपड़ा, सुदेश लेहरी और कश्मीरा शाह के साथ करण कुंद्रा नजर आएंगे। वहीं भारती सिंह शो होस्ट करेंगी और शेफ हरपाल सिंह सोखी जज की भूमिका निभाएंगे। करण कुंद्रा की बात करें तो उन्होंने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश के लिए एक वीडियो बनाया था।



# 85 साल पहले रिलीज हुआ था होली का पहला गाना...

**नई दिल्ली।** रंगों की त्योहार हो और बेहतरीन पकवानों के साथ नाच-गाना न हो ऐसा कैसे हो सकता है। हिंदी सिनेमा में हर त्योहार की झलक यूं तो देखने को मिलता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की वो पहली कौन सी फिल्म थी, जिसमें होली की मस्ती देखनी को मिली थी। बॉलीवुड फिल्मों में होली के यूं तो आपने कई गानें सुने होंगे, लेकिन, क्या आपको वो पुराने गाने याद हैं, जो आपके दादा-दादी या नाना-नानी के टाइम पर काफी फेमस थे। आज हम आपके के लिए होली के सिर्फ पुराने गानों की लिस्ट लेकर आए हैं, जिसकी मदद से आप अपनी होली को और ज्यादा मजेदार कर सकते हैं। बॉलीवुड में सालों से होली के कई गानें सुनते आए हैं। हर साल इन गीतों की खूब धूम रहती है। कुछ गाने तो ऐसे हैं जिन्हें आए 60 सालों से ज्यादा हो गए। लेकिन, आज भी लोग उन्हें खूब गुनगुनाते हैं। क्या आप जानते हैं होली का पहला गाना आजादी से पहले रिलीज हुआ था।



***'औरत' से होली के गानों की की गई थी शुरुआत :*** होली के गानों की शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट दौर से हुई थी। साल 1940 में रिलीज हुई फिल्म 'औरत' से होली के गानों की शुरुआत की गई थी। होली पर गाना बनाने का सबसे पहला ख्याल निर्देशन महबूब खान को आया। महबूब खान ने ही भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार फिल्म मदर इंडिया को बनाया था। इस गीत के बोल हैं 'आज होली खेलेंगे साजन के संग'। इस गाने को सिंगल अनिल बिश्वास ने अपनी शानदार आवाज में गाया था। इसी फिल्म में एक और गाना दर्शकों को सुनने के लिए मिला, जिसके बोल हैं। जिसके बोल हैं 'जमुना तट पर होली खेलते श्याम'।

# शोले से लेकर रांझणा तक होली के दृश्यों ने बनाया फिल्मों को यादगार

**नई दिल्ली।** होली का त्योहार हमारी जिंदगी को खुशियों से भर देता है, अपनों के साथ वक्त गुजारने का अवसर भी देता है। होली का यही त्योहार हिंदी फिल्मों में भी खूब दिखाया जाता है। कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिसमें होली के दृश्यों ने कहानी को अलग मोड़ दिया। जानिए, हिंदी फिल्मों के ऐसे ही कुछ यादगार होली दृश्यों के बारे में जिनके कारण कहानी आगे बढ़ी।

***रांझणा :*** फिल्म 'रांझणा'में जब होली दिखाई जाती है तो अभिनेता धनुष के किरदार कुंदन को सोनम कपूर का किरदार जोया रंग लगाता है। यही वह पल होता है, जब कुंदन, जोया के प्यार में पूरी तरह



से डूब जाता है। वह प्यार की एक अलग दुनिया का हिस्सा बन जाता है।

***मोहब्बतें :*** शाहरुख खान और अमिताभ की फिल्म 'मोहब्बतें' की कहानी अनुशासन और प्यार के बीच एक लड़ाई को दिखाती है। अमिताभ ने इसमें एक सख्त प्रिंसिपल का रोल है। फिल्म में शाहरुख म्यूजिक टीचर बने हैं, जो बच्चों को प्यार का मतलब बताते हैं। फिल्म में प्रिंसिपल बने अमिताभ बच्चन की सख्ती के बावजूद कुछ बच्चे बाहर जाकर, शाहरुख खान के साथ होली मनाते हैं। इससे कहानी में प्रिंसिपल के अनुशासन को चुनौती मिलती है।

***डर :*** शाहरुख ने फिल्म 'डर'में एक नेगेटिव रोल किया था, जो किरण (जूही चावला) को छिप-छिपकर डराता है, परेशान करता है। लेकिन होली के दृश्य में शाहरुख का किरदार राहुल, होली के माहौल का फायदा उठाकर किरण को रंग लगता है। इस दृश्य में ही किरण का प्रेमी और होने वाले पति सुनील, राहुल का पीछा करता है लेकिन उसे पकड़ नहीं पाता है।

***सिलसिला :*** फिल्म 'सिलसिला'में तो होली पर एक पूरा गाना 'रंग बरसे' फिल्माया गया है। लेकिन, इसी गाने में अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) के बीच अफेयर की बात, अमित की पत्नी (जया बच्चन) और चांदनी के पति (संजीव कुमार) को पता चलती है। फिल्म की कहानी में होली के इसी सीन से अलग मोड़ आता है।

***शोले :*** फिल्म 'शोले'में तो होली के गाने के बाद ही गब्बर और जय-वीरू का आमना-सामना होता है। गब्बर अपनी ताकत, अपना डर गांव वालों को दिखाता है। लेकिन जय और वीरू, गब्बर और उसके गुंडों का सामना करते हैं, उन्हें भागने पर मजबूर करते हैं। लेकिन इसके बाद गब्बर, जय और वीरू को मारने की ठान लेता है।

## रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे अरे कैने मारी पिचकारी तोरी भीगी अंगिया रंग रसिया, रंग रसिया

# ... इन मस्ती भरे बॉलीवुड गानों संग मनाएं त्योहार

*नई दिल्ली। होली पर्व 14 मार्च को पूरे देश में धूमधाम मनाया जाएगा। लोगों ने अपने-अपने दोस्तों और परिवार के साथ होली में रंग जमाने की पूरी तैयारी कर ली है। होली आते ही हर किसी का दिल खुशी से झूठ उठता है। इस रंग भरे त्योहार में हर कोई मन-मुटाव भुलाकर दुश्मनों को भी गले लगा लेता है। आज आपको उन फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिनमें होली के त्योहार को इस तरह से दिखाया गया, कि लोग आज भी इन फिल्मों के रंग भरे गाने भूला नहीं पाए हैं। होली, भारत का सबसे रंगीन त्योहार है। बॉलीवुड की कई फिल्मों में होली के त्योहार को ना सिर्फ उत्सव के रूप में दिखाया, बल्कि इसे कहानी का एक अहम हिस्सा बनाकर प्यार, नफरत, एकता और मस्ती के भाव को उभारा है।*




**रंग बरसे :** यश चोपड़ा की क्लासिक फिल्म सिलसिला में होली का गाना 'रंग बरसे' आज भी हर होली के त्योहार का हिस्सा बन जाता है। अमिताभ बच्चन और रेखा के बीच की केमिस्ट्री इस गाने में हर किसी को याद होगी। फिल्म में होली का सीन प्यार और सामाजिक बंधनों के बीच की जटिलता को दर्शाता है।

**अरे जा रे हट नटखट :** 1959 में आई फिल्म नवरंग का गाना 'अरे जा रे हट नटखट, ना छू रे मेरा घूंघट' तो आज की जनरेशन भी खूब गुनगुनाती है। इस गानें के हिन के बिना होली अधूरी है।

**जोगी जी :** नदिया के पार फिल्म का गाना 'जोगी जी हां जोगी जी' भी होली के लिए परफेक्ट गाना है। इस गाने का नशा भांग के नशे से भी ज्यादा है। ये गाना आपकी होली में प्यार के रंग भर देगा।

**बलम पिचकारी :** बॉलीवुड की एक और सुपरहिट फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में 'बलम पिचकारी' गाने ने युवाओं के बीच होली को एक नया रंग दिया। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की जोड़ी इस गाने में मस्ती और दोस्ती का रंग बिखेरती नजर आई। यह गाना आज भी होली पार्टियों में जमकर बजाया जाता है।

**लहू मुंह लग गया :** संजय लीला भंसाली की इस फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में होली का गाना 'लहू मुंह लग गया' प्यार और जुनून का अनोखा मेल दिखाता है। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के बीच की शानदार केमिस्ट्री और भंसाली की सिनेमाटोग्राफी ने इस सीन को यादगार बना दिया।



**होली खेले रघुवीरा :** अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फिल्म बागबान का गाना होली खेले रघुवीरा एवरग्रीन सॉन्ग है। इस गाने के बिना होली अधूरी है। बरसों पहले आया ये गाना आज भी लोगों के बीच काफी पॉपुलर है।

**डू मी ए फेवर लेट्स प्ले होली :** अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा की फिल्म वक्त का गाना – डू मी ए फेवर लेट्स प्ले होली- इस गाने के बजते ही पार्टी में लोगों के कदम अपने आप ही थिरकने लग जाते हैं।

**सोनी-सोनी :** साल 2000 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म मोहब्बतें के गाने उस दौर में काफी पॉपुलर हुए थे। इस फिल्म में होली से लेकर दीवाली तक पर फिल्माए गाने हैं। फिल्म का गाना सोनी-सोनी काफी पॉपुलर हुआ। आज भी ये गाना हर पार्टी की शान है।







**आज ना छोड़ेंगे :** राजेश खन्ना की फिल्म कटी पतंग का गाना 'आज ना छोड़ेंगे' होली के हिट गानों में से एक है। अगर आप भी होली की प्ले लिस्ट तैयार कर रहे हैं, तो इस गाने को एड करना मत भूलिएगा।

**होली के दिन दिल मिल जाते हैं :** शोले बॉलीवुड की वो फिल्म जिसके चर्चे फिल्म इंडस्ट्री में आज भी होते हैं। फिल्म की कहानी और एक-एक स्टार कास्ट को फैंस भूल नहीं पाए हैं। फिल्म के यूं तो सभी गानें हिट रहे. लेकिन बात होली की हो तो इस फिल्म का गाना 'होली के दिन दिल मिल जाते हैं' को नहीं भूला जा सकता। इस गीत की गिनती सदाबहार गानों में होती है। इस गाने में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जबरदस्त केमिस्ट्री देखी गई थी।

13 Ambikapur-pg 6-0_Layout 1 3/13/2025 6:50 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष बने शैलेन्द्र

**बलरामपुर।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के प्रांतीय बैठक में नगर के शैलेन्द्र गुप्ता को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बता दें कि विश्व



हिंदू परिषद बजरंग दल की तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक सिंधु भवन राजनांदगांव में आयोजित हुई थी। बैठक में प्रांतीय बैठक केंद्रीय मंत्री अजय बारिक सेवा विभाग एवं प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे शामिल हुए। बैठक में सभी जिलों में कार्यकारिणी का गठन किया गया है इसी कड़ी में बलरामपुर जिले के लिए विश्व हिंदू परिषद का जिला अध्यक्ष श्री शैलेंद्र गुप्ता जी को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही सत्संग प्रमुख अभिषेक मिश्रा एवं दुर्गा वाहिनी विभाग संयोग शकुंतला सिंह को नियुक्त किया गया। नियुक्ति उपरांत शैलेंद्र गुप्ता ने प्रांत संगठन के निर्देश पर समाज व सनातन हित में कार्य करने की बात कही है।

### माई छोटा स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**अम्बिकापुर।** कुंडला सिटी स्थित माई छोटा स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। स्कूल के निदेशक मूलचंद अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस किसी एक दिन मनाने से नहीं होगा हमें 365 दिन इसे मानना होगा। किसी भी महिला का सम्मान हर समय होना चाहिए अगर वह मां के रूप में है तो सम्मान दें बहन के रूप में है तो स्नेह दें और यदि वह पत्नी है तो इज्जत दें और यदि वह अजनबी है तो सुरक्षा दे। स्कूल के प्राचार्य अमित शुक्ला ने कहा कि हमारी तो शुरू से यही परंपरा रही है की नई को पूजनीय समझा जाए लेकिन अब समय है कि महिलाओं को सशक्त भी बनाया जाए। इस अवसर पर हिना खान, मनीषा वर्मा, संध्या सिंह, रीना सिंह, शगुफ्ता परवीन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल संचालन अनु पांडे और हीजरत बानो द्वारा किया गया।

### मृतक की नहीं हुई शिनाख्त पुलिस ने कराया कफन-दफन

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर अस्पताल से रेफर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो जाने तथा 6 दिन बाद ही पहचान नहीं होने पर आज पुलिस ने मृतक का कफन-दफन कराया। पुलिस के मुताबिक 5 मार्च को लगभग 30 वर्षीय युवक को प्रतापपुर सड़क किनारे गंभीर हालत में पुलिस को मिला था। युवक के साथ किसी के नहीं होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां 6 मार्च की रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर युवक की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव को मरच्युरी कक्ष में शिनाख्त के लिए रखवा दिया था। युवक के मौत के 6 दिन बाद भी पहचान नहीं होने तथा परिजन का पता नहीं चलने पर आज पुलिस ने नगर निगम के सहयोग से गंगापुर स्थित मुक्तिधाम में कफन-दफन करा दिया है।

### खराब पड़े ट्रक से टकराया अनियंत्रित ट्रेलर, चालक घायल



**बलरामपुर।** औराझरिया घाट पर दो ट्रकों के बीच भिंडत में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घाट पर एक ट्रक पहले से ही खराब पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि सोमवार को औरा झरिया घाट पर पहले से ही एक ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीवी 5255 ब्रेकडाउन होने के कारण खराब होने के कारण खड़ा था। इस ट्रक का चालक गढ़वा निवासी इस्तियाक अंसारी ट्रक को खडा कर चला गया था। इसी दौरान बीती रात रायपुर से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद की ओर जा रहा ट्रेलर क्रमांक सीजी 22 एक्स 1152 के चालक ने औराझरिया घाट पर नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार ट्रेलर पहले से खराब पड़े ट्रक से टकरा गया। इस घटना में बिहार के रोहतास निवासी चालक मनु यादव आ. विष्णु यादव को चोट हाई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया इसके साथ ही आवागमन को बहाल कराया गया।

### रामनगर बांधपारा में किशोरी ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के रामनगर बांधपारा निवासी 17 वर्षीया 9वीं कक्षा की छात्रा हीरामनी पिता दिनेश प्रजापति ने बुधवार को अज्ञात कारणों से खुदकुशी कर ली है।पुलिस ने बताया कि मृतिका घटना के समय घर में अकेली थी ,उसके पिता ईंट भट्ठा में मजदूरी करने कुंजनगर गए थे ,उसकी मां गांव में परिचित के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गई थी ,इसी दौरान उसकी पुत्री ने घर में फांसी लगा आत्महत्या कर ली,परिजन जब घर पहुंचे तो पाया कि हीरामनी फंदे पर लटकी हुई है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है,छात्रा ने आत्महत्या किन कारणों से की है ये अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है,पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## यात्रियों को नहीं होगी थकान

# अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन में जुड़े आधुनिक एलएचबी कोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अब यात्रियों को अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन में आधुनिक प्रसंस्कृत लिंक हाफमैन बुश कोच में सुरक्षित एवं आरामदायक सफर कर सकेंगे। रेलवे ने अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन में मंगलवार से एलएचबी कोच की सुविधा शुरू की है।

**खास बात**
- यात्रा होगी अधिक सुरक्षित

एलएचबी कोच सुविधा शुरू करने के बाद रेलवे ने कोच की संख्या कम कर दी है। पूर्व में ट्रेन 23 कोच लगते थे। जो अब घटकर 19 हो गए हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कोच की संख्या कम होने के बावजूद सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में अंतर नहीं आएगी। पूर्व में अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन में नीले रंग के आईसीएफ थे। अर्थात इंट्रीगल कोच फैक्ट्री लगते थे। ये कोच लोहे से निर्मित एवं वजनी होते थे। कोच को रोकने के लिए एयर ब्रेक का उपयोग किया जाता है। इस कोच के रख-रखाव पर रेलवे को अधिक खर्च करना पड़ता है साथ ही बैठने की क्षमता भी कम होती है। दुर्घटना के समय कोच के एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने के कारण अधिक जन-धन की क्षति होती है। इसकी गति क्षमता 110 किमी प्रति घंटा है तथा 18 महीने में इसके ओवरहालिंग की जरूरत पड़ती है।



लाल रंग का आईसीएफ कोच की तुलना में एलएचबी कोच आधुनिक एवं प्रसंस्कृत है। यह आरामदायक होने के साथ ही दुर्घटना की स्थिति में क्षति में क्षति को न्यूनतम करता है। स्टेनलेस स्टील से निर्मित होने के कारण यह काफी हल्का होता है। इसे रोकने के लिए डिस्क ब्रेक का उपयोग किया जाता है। इसमें मानव रहित कपलिंग होती है। यह आइसीएफ कोच से 1.7 मीटर बड़ा होता है। इसकी गति क्षमता 200 किमी प्रति घंटा होती है तथा परिचालन 160 किमी प्रतिघंटा किया जाता है। इस कोच में बैठने की क्षमता अधिक होती है। इस कोच के थ्री एसी में 72 एवं स्लीपर में 80 सीटें होती हैं। इसके ओवर हालिंग की जरूरत 24 महीने में पड़ती है। यह अग्नि, दुर्घटना के मामले में अधिक सुरक्षित है। आरामदायक, सुरक्षित, गति, सीट क्षमता से अधिक होने के कारण पहले इस कोच का उपयोग सिर्फ राजधानी, शताब्दी एवं गतिमान एक्सप्रेस में किया जाता था लेकिन अब रेलवे इसे अपग्रेड कर अन्य ट्रेनों में भी कर रही है।

इस संबंध में वरिष्ठ स्टेशन मास्टर उमेश कुमार ने बताया कि बुधवार से दुर्ग-अम्बिकापुर ट्रेन में एलएचबी कोच को जोड़ा गया है। एलएचबी कोच जोड़ने से यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा मिलेगी।

### बैठक में की थी मांग

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जेडआर यूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने बताया कि 4 दिसम्बर 2023 को आयोजित समिति की 18वीं बैठक में उन्होंने अम्बिकापुर-दुर्ग ट्रेन में एलएचबी कोच की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की थी। तत्कालीन रेल महाप्रबंधक ने एलएचबी कोच उपलब्ध होने पर यह सुविधा प्रदान करने का आश्वासन दिया था। ट्रेन में एलएचबी कोच की सुविधा मिलने से यात्री सुरक्षित एवं आरामदेय सफर कर सकेंगे।


# रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया ने की सरगुजा की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया ने एक्स पर ट्वीट कर रेडक्रॉस सोसायटी सरगुजा के चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंहदेव एवं उनकी टीम को महिला दिवस पर 50 महिलाओं के द्वारा अंगदान किए जाने को लेकर बधाई दी है। बता दें कि 8 मार्च को महिला दिवस के दिन सरगुजा संभाग की प्रख्यात समाज सेविका वंदना दत्ता के नेतृत्व में 50 महिलाओं ने अंगदान का संकल्प लिया था।

- वंदना दत्ता के नेतृत्व में 50 महिलाओं ने लिया था अंगदान का संकल्प

रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया ने अपने ट्वीट में कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी सरगुजा के चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के नेतृत्व में रेडक्रॉस सोसायटी सरगुजा के को-


Indian Red Cross Society

Indian Red Cross Society · Follow
20m

On the occasion of International Women's Day, under the leadership of Shri Aadityeshwar Saran Singh Deo Ji, Chairman of the Red Cross Society Surguja Branch, and with the dedicated support of Red Cross Society Surguja Branch District Co-ordinator Dr. Arpan Singh Chauhan Ji and Lifetime Member Smt. Akanksha Shrivastava Ji, the "Raktadaan Mahadaan - Angdaan Jeevandaan" program has inspired over 50 women in Ambikapur, Chhattisgarh, to pledge to save lives.

This remarkable initiative highlights the strength of women's empowerment and the spirit of humanity. We commend the efforts of the Red Cross Surguja Branch in leading this noble cause and encourage others to contribute to the life-saving mission of organ donation.

Let's come together in this meaningful cause and give the gift of life to those in need.

@Governor Chhattisgarh
@CMO chhattisgarh
@surguja district
@Aadityeshwar Saran Singh Deo

#OrganDonation #WomenEmpowerment #RedCrossSurguja #LifeSaver #Humanity #InternationalWomensDay"

Indian Red Cross SocietyInternational Committee of the Red CrossMOHFWRed Cross Red Crescent Asia Pacific Youth

ऑर्डिनेटर डॉ. अर्पण सिंह एवं आजीवन सदस्य श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव के सहयोग से रक्तदान महादान- अंगदान जीवनदान अभियान से प्रेरित होकर अम्बिकापुर में 50 महिलाओं की प्रतिज्ञा जीवन की रक्षा करेगी। रेडक्रॉस सोसायटी ने यह उल्लेख भी किया है कि महिलाओं का यह उल्लेखनीय योगदान महिला सशक्तिकरण के साथ ही मानवता के प्रति उनकी भावना को प्रदर्शित करता है। करीब 8 माह पूर्व पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने भी अंगदान का संकल्प पत्र भरा था। रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया की मानद अध्यक्ष भारत की महामहिम राष्ट्रपति होते हैं। आदित्येश्वर शरण सिंहदेव के नेतृत्व में रेडक्रॉस सोसायटी सरगुजा के लिए किया गया यह ट्वीट निश्चय ही सरगुजा रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा लगातार किये जा रहे रचनात्मक कार्यो पर एक राष्ट्रीय मुहर है। आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने इस प्रशंसा के लिये रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया का आभार व्यक्त किया है।

### होली पर्व के दिन शुष्क दिवस घोषित

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा होली पर्व के अवसर पर 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानें बंद रखी जावेगी तथा मदिरा का विक्रय, परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।



# पंचायत सचिव 17 से शुरू करेंगे चरणबद्ध आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पंचायत सचिव संघ ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को पूर्ण करने करने को लेकर एक बार फिर से मोर्चा खोल दिया है। संघ ने गुरुवार को जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर 17 मार्च को विधानसभा घेराव, 18 मार्च को जनपद मुख्यालयों में अनिश्चितकालीन हड़ताल व 1 अप्रैल से मंत्रालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

- मोदी की गारंटी लागू करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

सचिव संघ ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया है। वर्ष 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इस संबंध में दिनांक 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक माननीय सांसद दुर्ग की उपस्थिति के बीच पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोसा दिया गया था और मांग पूर्ण करने के लिए कमेटी गठन की घोषणा की गई। ख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जाएगा किन्तु बजट सत्र में नहीं आने एवं इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण पूरे प्रदेश के पंचायत सचिव क्षुब्ध एवं आक्रोशित है। ऐसे में संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सचिव संघ से नरेंद्र जायसवाल सचिव संघ राजपुर अध्यक्ष अशोक गुप्ता, उपाध्यक्ष लालसाय प्रजापति, सचिव शेखर कुजूर, कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अगस्तुस टोप्पो, देवीदयाल मरावी, देवनाथ पांडेय आदि मौजूद थे।

### एटीएम से निकले दूसरे के पांच हजार रूपए लौटाने भटक रहे अधिवक्ता

**अम्बिकापुर।** एटीएम में आई तकनीकी खराबी के कारण राशि निकालने के दौरान दूसरे के खाते की राशि निकलने के बाद एक अधिवक्ता वास्तविक खाता धारक तक राशि पहुंचाने के लिए पिछले तीन महीने से भटक रहे हैं। हकदार तक राशि पहुंचाने के लिए अधिवक्ता ने बैंक एवं थाने से भी संपर्क किया लेकिन कहीं भी उन्हें मदद नहीं मिली। अधिवक्ता इफ्तरवार अली ने बताया कि 18 दिसम्बर 2024 को राशि निकालने अपराह्न 3-4 बजे के मध्य पुराने बस स्टैण्ड स्थित स्टेट बैंक एटीएम गए थे। उन्होंने एटीएम से राशि निकालने की प्रक्रिया की तो पांच हजार रूपए निकले। आधी राशि निकलने पर उन्हें हैरानी हुई। खाते से राशि कटने की संभावना पर उन्होंने बैंक पहुंचकर खाते का ब्योरा लिया तो जानकारी मिली उनके खाते से राशि आहरित नहीं हुई। बैंक अधिकारियों ने बताया एटीएम में तकनीकी खराबी आने के कारण पूर्व में किसी के द्वारा राशि निकालने की प्रक्रिया की गई थी जिसकी राशि निकली है। लेकिन बैंक अधिकारी खातेदार का नाम, पता नहीं बता सके। लम्बी तलाश के बाद इफ्तार खान ने थाने पहुंचकर पुलिस से भी मदद मांगी लेकिन पुलिसकर्मियों ने उनकी मदद नहीं की।

# तेज रफ्तार पिकअप और बाइक के बीच भिड़ंत, युवक गंभीर

**राजपुर।** बुधवार की देर शाम पिकअप और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से युवक को अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि बुधवार की देर शाम 7 बजे तेज रफ्तार पिकअप और और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। पिकअप डीजे लोड कर राजपुर की ओर से अंबिकापुर की तरफ जा रहा था तभी पुराने पोस्ट ऑफिस के सामने पीछे से एक तेज रफ्तार यामाहा कंपनी की आर वन 5 मोटरसाइकिल सवार चालक आकर पिकअप से टकरा गए। इस दुर्घटना में बाइक चालक शंकरगढ़ ग्राम अयारी निवासी 25 वर्षीय दिलीप आ. केश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगते ही गश्त कर रही पुलिस की टीम से राजेन्द्र ध्रुव, अनिल पैकरा, हरि



डनसेना, नरेंद्र कश्यप, सुशील यादव ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बाइक चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल युवक को गंभीर हालत में अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है। घटना के बाद चालक पिकअप वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी पिकअप चालक की तलाश कर रही है।

# दुष्कर्म का आरोपी पुणे से गिरफ्तार, एक साल से था फरार

**बलरामपुर।** युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने पांच दिनों तक महाराष्ट्र के पुणे में जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम भनोरा निवासी 28 वर्षीय आनंद विश्वकर्मा आ. उदय विश्वकर्मा द्वारा वर्ष 2018 से 2023 तक उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। जब युवती ने शादी की बात की तो उसने गाली गलौज करते हुए शादी करने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने 5 अक्टूबर 2023 को भादवि की धारा 376(2/ढ), 294, 323, 506 व अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(2/वी) का अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

- सॉफ्ट फेयर कंपनी में कर रहा था काम



पुलिस द्वारा आरोपी के फरार होने पर विशेष न्यायलय में अभियोग पत्र पेश किया गया। न्यायलय से आरोपी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। इस दौरान एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी व एसडीओपी याकुब मेमन के नेतृत्व में आरोपी की तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस की 3 सदस्यीय टीम को महाराष्ट्र के पुणे रवाना किया गया था जहां पांच दिनों तक जाल बिछाने के बाद पुलिस ने आरोपी आनंद विश्वकर्मा को महाराष्ट्र के पुणे स्थित सॉफ्टवेयर कंपनी वेस्टिन से हिरासत में लिया गया। पुलिस आरोपी को लेकर बलरामपुर आई और पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बलरामपुर भापेन्द्र साहू, सउनि संजय राम, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र तिवारी, आरक्षक सचिन्द्र सिंह एवं सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक नागेन्द्र पांडे, आरक्षक मंगल सिंह सक्रिय रहे।

## विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ की प्रांतीय बैठक में पदाधिकारियों की नियुक्ति

**बिश्रामपुर।** विश्व हिंदू परिषद की तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक गत दिवस राजनांदगांव में संपन्न हुई।बैठक में विहिप केंद्रीय मंत्री अजय पारिख, छत्तीसगढ़ प्रांत संगठन मंत्री नन्द दास दंडोतिया, प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय एवं विहिप, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुगार्वाहिनी व अन्य आयामों के प्रांतीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। विश्व हिंदू परिषद की प्रांत स्तरीय बैठक में संगठन के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई।बैठक में विश्व हिंदू परिषद की विचारधारा को सशक्त करने और हिंदू समाज के उत्थान हेतु निर्णय लिए गए। प्रांतीय बैठक में सुनिल पाण्डेय को विश्व हिंदू परिषद सूरजपुर जिला अध्यक्ष और दिनेश साहू परिषद के जिला मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया है जबकि मिथलेश साहू को जिला कोषाध्यक्ष, रचना सिंह को दुर्गा वाहिनी कोरिया विभाग संयोजिका, प्रहलाद निषाद को बजरंग दल का जिला संयोजक,अम्बे लाल यादव को सत्संग प्रमुख, किरण राजवाड़े को मातृशक्ति संयोजिका, शशि राजवाड़े को दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका बनाया गया। बैठक में हिंदू समाज की सुरक्षा, सेवा, संस्कार एवं संगठन के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत विमर्श किया गया, इस अवसर पर संगठन के अन्य वरिष्ठ प्रांतीय, विभाग पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# 58 लीटर शराब व 1 हजार किलोग्राम महुआ लहान के साथ ग्रामीण गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

होली त्यौहार को लेकर संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में आज टीम के हाथ उस समय बड़ी सफलता लगी जब टीम ने महुआ शराब बना रहे ग्रामीण के पास से 58 लीटर शराब व 1 हजार किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में होली के अवसर पर अवैध



शराब विक्रेताओं पर आबकारी उड़न दस्ता टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है।। आज गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मणिपुर अंतर्गत बंजारी निवासी शिवलाल एक्का के घर में जब आबकारी उड़नदस्ता टीम ने छापेमारी की तो घर का नजारा देख टीम के होश उड़ गए। पांच भट्टी पर महुआ शराब बन रहा था तथा प्लास्टिक के 45 पाउच में 58.5 लीटर लीटर महुआ शराब भरकर बेचने के लिए रखा हुआ था। जबकि 200 किलोग्राम क्षमता वाले पांच बड़े-बड़े ड्रम में लगभग 1000 किलोग्राम महुआ लहान तैयार था। आरोपी शिवलाल एक्का को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च)34 (2) एवं 59(क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य आरक्षक रमेश दुबे,अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी व संगीता उपस्थित रहे।

### आदतन अपराधी है आरोपी

शहर के बड़े एरिया में महुआ शराब की सप्लाई करता है। शिवलाल एक्का को पूर्व में भी आबकारी उड़नदस्ता टीम प्रभारी रंजीत गुप्ता ने 110 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेल से छूटने के बाद फिर से बड़े पैमाने पर वह अवैध महुआ शराब बेचने का कार्य करने लगा। होली में शराब खपाने के लिए शिवलाल एक्का बड़े पैमाने पर महुआ शराब बना रहा था मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स/फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज



संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री नि:शुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411